हरिभूमि
# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, सोमवार 21 जुलाई 2025

06 चातुर्मास मंगल कलश स्थापना में उमड़ा श्रद्धालुओं ...



07 स्वदेशी सुरक्षा और स्वावलंबन विषय पर बौद्धिक...





## खबर संक्षेप

### रामेश्वर दयाल बंसल की स्मृति में शिविर 23 को

**विदिशा।** रामेश्वर दयाल बंसल की पांचवीं पुण्यतिथि पर निशुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित किया जाएगा। बंसल पोलो क्लीनिक डंड़ापुरा गुलाब वाटिका के पास बुधवार सुबह 10 से शिविर का शुभारंभ समाजसेवी देवेश आर्य करेंगे। इस शिविर में बीपी, शुगर, थायराइड, हड्डी जोड़ रोग और स्त्री रोग विशेषज्ञ मरीजों की जांच करेंगे। इससे डॉक्टर चर्चित बंसल, डॉक्टर संजुल बंसल, डॉ श्रेया बंसल अपनी सेवाएं देंगे। दोपहर 1 बजे शिविर का समापन होगा।

### स्वतंत्रता दिवस की तैयारी संबंधी बैठक आज होगी

**विदिशा।** 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस समारोह आयोजन के मद्देनजर विभागवार किए जाने वाले प्रबंधों को अंतिम रूप देने आज सोमवार को कलेक्टर अंशुल गुप्ता की अध्यक्षता में बैठक होगी। अपर कलेक्टर अनिल कुमार डामोर ने संबंधित विभागों के जिला अधिकारियों को इस बैठक में समुचित जानकारियों सहित नियत समय पर उपस्थित होने के निर्देश दिए गए हैं।

### पेंशन प्रकरणों को शीघ्र उपलब्ध कराएं

**विदिशा।** जिला पेंशन अधिकारी की उपेन्द्र मरावी ने बताया कि जिले में अगस्त 2023 से जून 2025 तक जिले में कुल 687 अधिकारी कर्मचारियों के पेंशन प्रकरण पंजीकृत हुए हैं। जिनमें से सेवानिवृत कर्मचारियों की संख्या 620 मृतकों की संख्या 46 तथा 21 के द्वारा व्हीआरएस लिया गया है। जिला पेंशन कार्यालय द्वारा कुल प्रकरणों में से 687 प्रकरणों का निराकरण किया जा चुका है। शेष लंबित प्रकरणों में से 17 प्रकरण संबंधित विभागों के द्वारा जिले पेंशन कार्यालय को भेजे नहीं गए हैं। वहीं पेंशन कार्यालय में परिक्षण हेतु तीन प्रकरण लंबित है। विभागों में लंबित प्रकरणों को शीघ्र उपलब्ध कराने हेतु पुनः पत्राचार किया गया है।

### बेसनगर में रुद्राभिषेक व भजन संध्या आज

**विदिशा।** श्रावण मास के पावन अवसर पर बेस नगर स्थित प्राचीन शिवगढ़ी मंदिर में आगामी द्वितीय सोमवार को वैशेश्वर महादेव का विशेष रुद्राभिषेक एवं भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन बेस नगर के राजा साहब के दरबार में अत्यंत भव्य रूप में सम्पन्न होगा। मंदिर के मुख्य पुजारी पंडित अरविंद भार्गव ने बताया कि बाबा वैशेश्वर महादेव ने स्वप्न में प्रकट होकर इस आयोजन का संकेत दिया। इसी क्रम में सोमवार सुबह 7 बजे से रुद्राभिषेक अनुष्ठान शुरू होगा, जबकि शाम 7 बजे से भजन संध्या एवं पारंपरिक गम्मत का आयोजन किया जाएगा। इस मौके पर विदिशा जिले की सुप्रसिद्ध भजन गायिकाएं अपनी प्रस्तुतियां देंगी। आयोजन समिति ने नगर के समस्त श्रद्धालुओं से अधिक संख्या में मंदिर पहुंचकर बाबा के दिव्य दर्शन करें व धर्म लाभ प्राप्त करें।

### चल समारोह के साथ होगा शिवलिंग विसर्जन

**विदिशा।** राजपूत कॉलोनी स्थित राजपूत धर्मशाला में 17 जुलाई से पार्थिव शिवलिंग निर्माण महोत्सव का आयोजन श्रद्धा और भक्ति के साथ जारी है। पं. सचिन दुबे के निर्देशन में यह धार्मिक अनुष्ठान 21 जुलाई तक प्रतिदिन संपन्न होगा। आज सोमवार को पार्थिव शिवलिंग निर्माण के उपरांत विशेष पूजा-अर्चना की जाएगी और इसके बाद एक भव्य चल समारोह का आयोजन किया जाएगा। यह चल समारोह धर्मशाला से निकलकर पूरे नगर में भ्रमण करते हुए बेतवा नदी पहुंचेगा, जहां सामूहिक रूप से शिवलिंगों का विसर्जन किया जाएगा। इस आयोजन में श्रद्धालुओं का उत्साह देखते ही बनता है, जो अपने परिवार सहित प्रतिदिन शामिल हो रहे हैं। धर्मशाला परिसर में स्थानीय समाजसेवियों द्वारा भंडारे एवं अन्य व्यवस्थाएं भी की जा रही हैं।

## शिकारी पक्षी लगा रहे दांव



## उफान पर आई बेतवा



## यह गलत है



**विदिश।** दो दिन से बारिश थमी हुई है, लेकिन बेतवा नदी का जलस्तर विगत दिनों हुई बारिश से बढ़ गया है। बाढ़ वाले गणेश मंदिर पर बने स्टाप डैम के ऊपर से पानी बह रहा है। वहीं घाट पर मौजूद शिकारी पक्षी घात लगाकर मछलियों का शिकार कर रहे हैं। बारिश शुरू होते ही खतरनाक स्थानों पर झरने चलना शुरू हो जाते हैं। ऐसे स्थानों पर सैकड़ों की संख्या में युवक पहुंचकर मौज मस्ती और सेल्फी लेने के चक्कर में अपनी जान गंवा देते हैं। यदि आपके बच्चे में ऐसे स्थानों पर मौज मस्ती के लिए जाने की जिद करते हैं तो उन्हे समझाएं की ऐसे स्थानों पर जाना बेहद खतरनाक साबित होता है।

**धोखाधड़ी:** फर्जी कंपनियों के जाल में फंसकर पैसा गंवाने वालों की विदिशा में भी लंबी लिस्ट

# 45 लाख की साइबर ठगी का आरोपी गिरफ्तार, यहां भी खोली थी नई कंपनी

### अनूपपुर में बीजेपी नेता के बेटे को सीबीआई अधिकारी बनकर डराया, लैपटॉप-मोबाइल जब्त

फर्जी कंपनियों के जाल में फंसकर पैसा दांव पर लगने से पहले पुख्ता छानबीन करें, क्योंकि शहर में फर्जी कंपनियां बनाकर कलेक्शन करने वाले पूर्व में पुलिस के हत्थे चढ़ चुके हैं। वहीं साइबर ठग भी विदिशा में सक्रिय हैं। इससे पहले भी शहर में साइबर ठगी के कई मामले सामने आ चुके हैं।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

फर्जी कॉल और खुद को अधिकारी बताकर ठगी करने के मामले लगातार बढ़ते जा रहे हैं। वहीं फर्जी कंपनियां चलाकर लोगों के साथ ठगी की जा रही है। ऐसे कॉल और कंपनियों से सावधान रहें। शंका होने पर तुरंत पुलिस को सूचित करें।

ताजा मामला अनूपपुर जिले की कोतमा पुलिस ने उजागर किया है। पुलिस ने साइबर ठगी के मामले में विदिशा के 32 वर्षीय सौरभ शर्मा को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने अपने गिरोह के साथ मिलकर अनूपपुर जिले के पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष अवधेश ताम्रकार के पुत्र आशीष ताम्रकार से 45 लाख रुपए ठगे।

कोतमा थाना प्रभारी रत्नांबर शुक्ला के अनुसार आरोपियों ने खुद को सीबीआई अधिकारी, जज, हाईकोर्ट वकील और पुलिस अफसर बताया। पीड़ित को डिजिटल अरेस्ट का डर दिखाकर रुपए ऐंठे। पुलिस ने आरोपी से लैपटॉप, मोबाइल और ठगी से जुड़े दस्तावेज बरामद किए हैं।

इलेक्ट्रॉनिक शॉप मालिक आशीष ताम्रकार ने 2017 में वायदा बाजार में निवेश किया था। इससे उन्हें 23 लाख रुपए मिलने वाले थे। ठगों ने इस राशि को हवाला का पैसा बताया। आरोपियों ने अलग-अलग मोबाइल नंबरों से संपर्क किया। स्क्रीन पर पुलिस सायरन बजाकर पीड़ित को धमकाया। विदिशा में 9 माह पहले चिटफंड कंपनी बेतवांचल इंडिया निधि लिमिटेड का फर्जीवाड़ा उजागर हुआ था। इसमें आरोपी तो पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया थे, लेकिन दर्जनों लोगों की लाखों रुपए की राशि अभी भी अटकी हुई है। जो उन्होंने एजेंट को जमा की थी।



विदिशा। आरोपी को न्यायालय में पेश करने ले जाती हुई कोतमा पुलिस।

### दो आरोपियों की पहले हो चुकी मौत

गिरोह का मुख्य सरगना महेंद्र शर्मा 2022 में मारा जा चुका है। उस पर विदिशा और अन्य जिलों में 30 से ज्यादा अपराध दर्ज थे। एक अन्य आरोपी रवि डेहरिया की दो माह पहले सड़क हादसे में मृत्यु हो गई। लकी कुमावत और चित्रांश ठाकुर सहित अन्य आरोपियों की तलाश जारी है।

### ठगी के साथ जमीन दलाली भी करते थे

गिरोह ने भोपाल में आरबी ट्रेडर्स और तिरुपति फिनटेक जैसी फर्जी कंपनियां खोली थीं। भोपाल में पकड़े जाने के डर से विदिशा में नए नाम से कंपनी शुरू की। आरोपी अलग-अलग नंबरों और बैंक खातों का इस्तेमाल करते थे। गिरफ्तार आरोपी सौरभ शर्मा ठगी के अलावा प्राइवेट काम और जमीन की दलाली भी करता था। इसके अन्य साथी भी विदिशा में सक्रिय हो सकते हैं।

### खामखेड़ा में पुलिस ने विदेशी शराब जब्त की, आरोपी गिरफ्तार

**विदिशा।** कलेक्टर अंशुल गुप्ता के निर्देशन में जिले में अवैध मदिरा के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत आबकारी विभाग की टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए खामखेड़ा गांव में भारी मात्रा में विदेशी बीयर जब्त की है। यह कार्रवाई गंज बासौदा वृत्त अंतर्गत शनिवार को की गई। जिला आबकारी अधिकारी विनय रंगशाही के आदेश पर आबकारी उप निरीक्षक पुष्पेंद्र सिंह ठाकुर ने मुखबिर की सूचना पर ग्राम खामखेड़ा स्थित आरोपी उत्तम सिंह पिता रामलाल दांगी के निवास पर विधिवत तलाशी ली। तलाशी के दौरान 7 कार्टूनों में भरी कुल 84 बॉटल (54.6 बीएल) अवैध विदेशी मदिरा (बीयर) बरामद की गई। जब्त की गई मदिरा का बाजार मूल्य लगभग 12,500 रुपए आंका गया है। आरोपी के विरुद्ध मप्र आबकारी अधिनियम की संबंधित धाराओं के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। आरोपी को न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। आबकारी अधिकारी श्री रंगशाही ने बताया कि जिले में अवैध मदिरा के भंडारण, परिवहन, निर्माण और विक्रय की रोकथाम के लिए पृथक नोडल अधिकारी की नियुक्ति की गई है और इस दिशा में निरंतर औचक कार्रवाई की जा रही है। अभियान में मुखबिरों की भी सक्रिय भूमिका है। इस कार्रवाई में आबकारी आरक्षक प्रवीण पांडवी एवं दीपक ने उल्लेखनीय योगदान दिया।

## डंपर में रखा 50 हजार रुपए का सामान निकालते वीडियो वायरल

### चोरी कर बाइक से सामान ले जाते वीडियो में कैद

**समर्पित कॉलोनी में पहले भी हो चुकीं हैं कई चोरियां।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

कोतवाली थाना क्षेत्र में विट्ठलनगर क्षेत्र की समर्पित कॉलोनी में दिन के उजाले में चोरी की वारदात सामने आई है। दो बाइक सवार चोरों ने एक घर के बाहर खड़े डंपर के पार्ट्स करीब 50 हजार रुपए कीमती चोरी कर ले गये।

घटना उस वक्त की है जब मकान मालकिन लक्ष्मी यादव पास के मंदिर गई हुई थीं। सीसीटीवी फुटेज में साफ दिख रहा है कि दो युवक मोटरसाइकिल से आए। उन्होंने कुछ ही पलों में डंपर में रखा सामान उठाया और फरार हो गए। लक्ष्मी यादव ने बताया कि वह मंदिर से लौटीं तो देखा कि बाहर रखा सारा सामान गायब था। कॉलोनी की रचना साहू ने सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठाए हैं। उनका कहना है कि कॉलोनी में पहले भी कई चोरियां हो चुकी हैं। कॉलोनाइजर ने न तो गेट बनवाया है और न ही सुरक्षा गार्ड की व्यवस्था की है। कॉलोनीवासियों ने प्रशासन से क्षेत्र में सुरक्षा बढ़ाने और चोरों की जल्द गिरफ्तारी की मांग की है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### इरफान पोपट व अनवर पर 3-3 हजार का इनाम

**विदिशा।** एसपी रोहित काशवानी ने थाना कुरवाई में दर्ज प्रकरण के फरार आरोपियों की सूचना देने अथवा गिरफ्तारी कराने में मदद करने वालों को तीन-तीन हजार रुपए का नगद इनाम देने की घोषणा की है। कुरवाई थाना में दर्ज अपराध के फरार आरोपी इरफान पोपट उर्फ इरफान गोल्डी पुत्र रहीश खां तथा अन्नू उर्फ अनवर पुत्र जाफर खां निवासी अटल आयूब नगर झुग्गी रेल्वे स्टेशन भोपाल की सूचना देने अथवा गिरफ्तारी में मदद करने वालों नगद इनाम दिया जाएगा।

### राष्ट्रीय एकता विषय पर संगोष्ठी आयोजित हुई

**विदिशा।** सेंट मेरी पीजी कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना एवं जिला सर्वोदय मित्र मंडल के संयुक्त तत्वावधान में सांप्रदायिक सद्भाव और राष्ट्रीय एकता विषय पर संगोष्ठी आयोजित हुई। मुख्य वक्ता गांधीवादी चिंतक राम धीरज ने प्रेम और सद्भाव को राष्ट्रीय एकता का आधार बताया। अध्यक्षता फादर सीनटो वर्गीज ने की, जिन्होंने सबके प्रति प्रेम की भावना को शांति का मार्ग बताया। कार्यक्रम में फलदार पौधों का रोपण किया गया। संचालन प्रो. दीपा राठौड़ ने किया ने किया।

### सामाजिक समरसता गोष्ठी का आयोजन कल

**विदिशा।** विश्व हिंदू परिषद, जिला विदिशा द्वारा सामाजिक समरसता गोष्ठी का आयोजन कल मंगलवार को शाम 4:30 बजे रविंद्र नाथ टैगोर सांस्कृतिक भवन में किया जाएगा। इस गोष्ठी के मुख्य अतिथि एवं वक्ता विनायक राव देशपांडे, केंद्रीय सह संगठन महामंत्री, विश्व हिंदू परिषद होंगे। विशेष अतिथियों के रूप में सुरेंद्र सिंह, डॉ. राज किशोर सिंह शाक्य, राजेंद्र गोहर चौधरी उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता नवनीत राम दिवाकर, सेवानिवृत्त शिक्षक द्वारा की जाएगी। इस अवसर पर सभी समाजजनों से बड़ी संख्या में उपस्थित होकर सामाजिक समरसता के उद्देश्य को सशक्त बनाने की अपील मलखान सिंह राजपूत, प्रांत सह मंत्री एवं सुनील यादव, प्रांत समरसता प्रमुख द्वारा की गई है। विश्व हिंदू परिषद के जिला मंत्री अनुपम सारस्वत ने बताया कि यह आयोजन समाज के विभिन्न वर्गों के बीच समरसता, एकता और पारस्परिक सहयोग को बढ़ावा देने हेतु किया जा रहा है।

## शोभायात्रा के साथ शिवलिंग निर्माण और कथा का समापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

शहर के विनायक बैंक्विट हाल में पिछले एक सप्ताह से चल रहे शिवलिंग निर्माण एवं श्रीराम कथा का समापन श्रद्धा और भक्ति के साथ हुआ।

कथा वाचक पं. संतोष शास्त्री ऋषि ने भगवान राम के अनन्य भक्त भ्राता भरत की भक्ति महिमा का वर्णन करते हुए कहा कि भरत जी राम की प्रतीक्षा में कठोर तप करते हैं। कथा में सीता हरण, शबरी भक्ति, सुग्रीव-मित्रता, अशोक वाटिका, लंका दहन, सेतु निर्माण, लंका विजय और रामराज्य की स्थापना जैसे प्रसंगों का सुंदर चित्रण किया गया। पं. शास्त्री ने कहा कि भगवान की प्राप्ति निर्मल मन से ही संभव है। कथा के उपरांत रुद्राभिषेक, आरती तथा भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जो नगर के मुख्य मार्गों से होती हुई बेत्रवती तट पर विसर्जन के साथ संपन्न हुई।

### अल्प विराम प्रशिक्षण के लिए पंजीयन शुरू

**विदिशा।** राज्य आनंद संस्थान भोपाल द्वारा पांच दिवसीय निःशुल्क ऑनलाइन अल्प विराम प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रशिक्षण में केवल पूर्व-पंजीकृत प्रतिभागी ही शामिल हो सकेंगे। जिला आयुष अधिकारी डॉ. दिनेश अहिरवार ने बताया कि यह प्रशिक्षण दो चरणों में आयोजित किया जाएगा पहले चरण में 28 जुलाई से 1 अगस्त तक, द्वितीय चरण में 4 से 8 अगस्त तक। प्रशिक्षण का समय प्रतिदिन शाम 6 से 7:30 बजे तक निर्धारित किया गया है। डॉ. अहिरवार ने बताया कि अल्प विराम प्रशिक्षण कार्यक्रम के माध्यम से प्रतिभागी न केवल अपने शारीरिक बल्कि विशेष रूप से मानसिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ बना सकते हैं। यह कार्यक्रम तनाव प्रबंधन में सहायक सिद्ध होता है और मानसिक प्रसन्नता को बढ़ाता है। अधिक जानकारी या प्रशिक्षण से संबंधित विवरण हेतु प्रतिभागी संस्थान की वेबसाइट **www.anandsansthanmp.in** का अवलोकन कर सकते हैं।

## खेतों को गांव से जोड़ने वाली 3 लाख से बनी पुलिया भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

ग्राम पंचायत अहमदानगर से खेतों तक जाने के लिए लगभग 3 लाख रुपए की लागत से बनाई गई पुलिया भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गई। पंचायत द्वारा इस पुलिया का निर्माण कराया गया था।

पहली बारिश में ही पुलिया के परखच्चे उड़ गई। पहले पुलिया के ऊपर क्रेक आया। इसके बाद बारिश में पानी निकलने के दौरान पुलिया का आधा हिस्सा ही बारिश में बह गया। पुलिया निर्माण में हुए भ्रष्टाचार का खामियाजा किसानों को भुगतना पड़ रहा है। क्योंकि खेतों तक जाने के लिए इस पुलिया का निर्माण कराया गया था। ग्रामीणों का कहना है कि पुलिया बनने के बाद खेतों तक जाने के लिए रास्ता सुगम हो गया था। लेकिन पुलिया का घटिया निर्माण होने के कारण एक ही बरिश में पुलिया बह गई। ग्रामीणों ने मांग की है कि पुलिया निर्माण में हुए भ्रष्टाचार की जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की जाए। ताकि कोई भी व्यक्ति शासन द्वारा जारी राशि से तरीके का घटिया निर्माण कर भ्रष्टाचार न कर सके।



विदिशा। पुलिया के दोनों ओर कटाव होने के कारण खतरा बना हुआ है।

**नशे से दूरी है ज़रूरी अभियान के तहत दिलाई जा रही शपथ**

# सिविल लाइन पुलिस ने चलाया जनजागरूकता अभियान कई स्थानों पर की नशे से बचने की अपील, शपथ दिलाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

नशे से दूरी है ज़रूरी अभियान के अंतर्गत थाना सिविल लाइन पुलिस विभिन्न क्षेत्रों में जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए।

अभियान के तहत थाना सिविल लाइन पुलिस ने सबसे पहले इंडस्ट्रीज एरिया स्थित केमिकल फैक्ट्री के समीप लगभग 30 से 40 रहवासियों एवं कर्मचारियों को नशे के दुष्परिणामों की जानकारी दी और नशा मुक्त जीवन जीने की प्रेरणा दी। इसके बाद पीतलमिल क्षेत्र में लगभग 70 नागरिकों और सागर पुलिया क्षेत्र में करीब 50 लोगों को संबोधित किया गया। इन सभी स्थानों पर उपस्थित लोगों को बताया गया कि नशा न केवल व्यक्ति की शारीरिक और मानसिक स्थिति को प्रभावित करता है, बल्कि उसका आर्थिक नुकसान भी करता है। साथ ही, यह परिवार और समाज की शांति एवं प्रगति में भी बाधक बनता है। पुलिस टीम ने आमजन से अपील की कि वे स्वयं तो नशे से दूर रहें ही, साथ ही अपने आसपास के लोगों को भी इसके लिए जागरूक करें, जिससे एक नशा मुक्त समाज की दिशा में ठोस कदम उठाया जा सके।



### पुलिस ने नारकोटिक्स हेल्पलाइन जारी की

थाना सिविल लाइन पुलिस ने आमजन से यह भी अपील की है कि यदि किसी को आसपास नशीले पदार्थों की बिक्री, संग्रहण अथवा तस्करी की जानकारी मिले, तो वे तुरंत विदिशा पुलिस की नारकोटिक्स हेल्पलाइन नंबर 7587637810 पर सूचना दें। सूचक की पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी और आवश्यकतानुसार त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

## लायरा में ग्रामीणों को नशा छोड़ने का संकल्प दिलाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

ग्राम लायरा स्थित शासकीय हाई सेकेंडरी स्कूल में नशे से दूरी है जरूरी जनजागरूकता अभियान के अंतर्गत नशा मुक्ति जागरूकता एवं शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस विशेष अभियान में विद्यालय के लगभग 200 छात्र-छात्राओं और ग्रामवासियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा नशा मुक्त जीवन जीने का संकल्प लिया। उपस्थितजनों को नशे के शारीरिक, मानसिक और सामाजिक दुष्परिणामों के बारे में जागरूक किया गया। कार्यक्रम के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. प्रशांत चौबे ने अपने संदेश में कहा कि जो भी व्यक्ति नशा त्याग करेगा, उसे एसपी द्वारा सार्वजनिक रूप से सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम में थाना प्रभारी कुरवाई, चौकी प्रभारी मेहलुवा, चौकी प्रभारी लायरा, विद्यालय प्राचार्य, शिक्षकगण, पुलिस स्टाफ सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

सभी ने सामूहिक रूप से नशा मुक्त समाज की दिशा में सक्रिय योगदान देने की शपथ ली। यह अभियान समाज को सुरक्षित, स्वस्थ और सकारात्मक दिशा में ले जाने की एक सशक्त पहल है।

## खबर संक्षेप

### गमाखर के उदयपुर खंड की बैठक संपन्न




**गंजबासौदा।** विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के उदयपुर खजयाई बावड़ी हनुमान मंदिर प्रांगण में विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल की बैठक संपन्न हुई। इस बैठक में जिला गौ रक्षा प्रमुख रविंद्र ठाकुर द्वारा उद्बोधन देते हुए कहा कि धर्म की रक्षा सर्वप्रथम सर्वोपरि होना चाहिए। यह हर एक हिंदू के जीवन में अपना संकल्प होना चाहिए उन्होंने कहा कि यदि हम आज नहीं जागे तो कल हमारे आने वाली पीढ़ियां हमें कोसेंगी। इसलिए हमें समय से चेतन होगा जागना होगा इसी बीच बैठक में जिला सामाजिक समरसता प्रमुख दिलीप देसाई प्रखंड अध्यक्ष राम प्रकाश कुशवाहा, सुंदर जाट ,शुभम रघुवंशी ,सौरभ दांगी ,प्रदीप शर्मा, उपस्थित रहे। बैठक के बाद नई कार्यकारिणी का विस्तार हुआ जिसमें लक्ष्मी नारायण चौरसिया को उदयपुर खंड का अध्यक्ष बनाया गया। जगदीश साहू उपाध्यक्ष, गिरीश कुशवाहा उपाध्यक्ष, नमन चौरसिया मंत्री, मोहित रैकवार सह मंत्री ,अभिषेक रैकवार संयोजक, धर्मेंद्र राजपूत सह संयोजक ,डालचंद पाल बाल उपासना प्रमुख, ऋतिक राय सुरक्षा प्रमुख ,बृजेंद्र पाल गौ रक्षा प्रमुख बनाए गए। इन सभी को नवीन दायित्व सौंपे गए।

### वामन अवतार जन्मोत्सव के लिए हुई बैठक



**गंजबासौदा।** भगवान वामन अवतार जन्मोत्सव मनाने के लिए ब्रह्मण समाज की बैठक संपन्न हुई। बैठक श्री शनि देव शक्ति धाम परिसर में आयोजित की गई। बैठक में ब्राह्मण बंधु उपस्थित हुए। बैठक में निर्णय लिया गया कि 4 सितंबर 2025 को भगवान वामन अवतार जन्मोत्सव एवं सनाढ्य ब्राह्मण परिषद की पचासवीं वर्षगांठ मनाई जाएगी व अन्य कार्यक्रम की फाइनल रूपरेखा व स्थान तय किया जाएगा। आगामी बैठक दिनांक 27 जुलाई दिन रविवार को सतीश पाराशर का बगीचा बराई पैलेस के पास सिरोंज चौराहे पर आयोजित की गई है। बैठक में पंडित दीपक तिवारी, पंडित दिनेश दंडोतिया, पंडित पुरुषोत्तम उपाध्याय, सुनील बाबू पिंगले, पंडित सतीश पाराशर, पंडित हृदय शर्मा,पंडित अरुण तिवारी, पंडित दीनदयाल शर्मा, पंडित रमेश शर्मा आदि ब्रह्म बंधु उपस्थित थे।



फोटो - सौरभ द्विवेदी

### शिव आराधना का प्रमुख केन्द्र है उदयपुर का मंदिर

**गंजबासौदा।** नगर से करीब 16 किलोमीटर दूर स्थित प्राचीन नीलकंठेश्वर उदयपुर मंदिर पर सावन के महीने में श्रद्धालु इन दूर दूर से कांवड़ यात्रा लेकर उदयपुर मंदिर पर दर्शन करने आ रहे हैं। सोमवार को तड़के से ही मंदिर में बेलपत्र और पूजन सामग्री लेकर श्रद्धालु आ जाते हैं और दिनभर भजन पूजन का सिलसिला जारी रहता है इलाके भर से श्रद्धालु दर्शन करने बड़ी संख्या में पहुंचते हैं। वहीं रविवार की रात शमशाबाद के ढाडोन पिपरिया से सैकड़ो श्रद्धालु कावड़ यात्रा लेकर पैदल उदयपुर के लिए निकल पड़े हैं जो तड़के सुबह जल लेकर पहुंच जाएंगे। करीब 300 कांवड़ियों का दल जो की पिछले करीब 7 वर्षों से उदयपुर जा रहा है जिसमें बच्चे बड़े महिलाएं खास तौर से कावड़ यात्रा में शामिल हैं। यहां उल्लेखनीय है कि उदयपुर का यह ऐतिहासिक मंदिर 11 वीं सदी में राजा उदयादित्य परमार द्वारा बनवाया गया था, जो अपने वास्तुकला, स्थापत्य कला के लिए विश्व प्रसिद्ध है। यह प्राचीन मंदिर क्षेत्र में शिवराधना का प्रमुख केन्द्र है।

### पुण्यतिथि पर मानस भवन मंदिर के पास रोपे आम, बादाम, कचनार बहेड़ा के पौधे



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

रविवार को मानस भवन में नागरिक सेवा समिति के संस्थापक स्वर्गीय विशन भाई की धर्मपत्नी स्वर्गीय रतन बाई शाह की 33 वीं पुण्यतिथि के उपलक्ष्य में पेड़ लगाओ पर्यावरण बचाओ अभियान के अंतर्गत एक पेड़ मां के नाम अभियान में आम, बादाम, कचनार एवं बहेड़ा के पांच पौधे लगाये गये। कार्यक्रम में अपील की गई कि बरसात के मौसम में हर इंसान को एक पौधा अवश्य लगाकर देख रेख की जिम्मेदारी भी लेना चाहिए, ताकि वह पेड़ बनकर हम लोगों को छाया दे सके और चारों तरफ हरियाली बनी रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ नागरिक सेवा समिति कार्यालय पर माता जी रतन बाई शाह के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन कर माल्यार्पण कर दो सो लोगों को भोजन खीर, पुडी, सब्जी, मिष्ठान, फल वितरण किया गया। इसी मौके पर लगभग एक सौ से अधिक महिलाओं को साड़ियां वितरित की गईं। इसके बाद सभी ने पौधरोपण किया और उनकी देखभाल एवं संरक्षण की भी जिम्मेदारी ली।

इस मौके पर नागरिक सेवा समिति के अध्यक्ष कान्ति भाई शाह, योगेश शाह, गोविंद दास खंडेलवाल, विजय भाई मुंबई,सचिव सुरेश तनवानी,विनीत अरोरा, कोमल शाह, सुभाष शाह, राधेश्याम साहू,महेंद्र सिंह सूर्यवंशी, लाल बहादुर ताम्रकार, मास्टर वीरम, निवृत्ति, रामगोपाल गुप्ता, सुरेश ताम्रकार, दयाशंकर जायसवाल, केलाश साध्य, नेतराम मिश्रा, जगदीश भावसार, प्रदीप नेमा, रविंद्र जैन बुक डिपो, संतोष शर्मा, देवी लाल कुशवाह, प्रेम नारायण, नीतेश सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

### तिरंगा चौक का नाम आचार्यश्री के नाम पर करने पर बनी सहमति

# चातुर्मास मंगल कलश स्थापना में उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा





समाधिस्थ सम्राट दिगम्बरचार्य विद्यासागर महाराज के शिष्य एवं नवाचार्य समय सागर महाराज के आज्ञानुवर्ती शिष्य निर्यापक श्रमण मुनिश्री संभव सागर महाराज, मुनिश्री निस्सीम सागर महाराज, मुनिश्री श्रमण सागर महाराज, मुनिश्री संस्कार सागर महाराज, मुनिश्री ओमकार सागर महाराज, ऐलक श्री गौरव सागर महाराज के मंगल कलश स्थापना कार्यक्रम में नगर सहित आसपास और अन्य प्रदेशों से भी बडी संख्या में श्रद्धालु नगर में आए।

महावीर विहार में आयोजित कार्यक्रम का मंगला चरण पाठशाला के भहैया बहनों द्वारा संस्कृति कार्यक्रम के माध्यम से किया गया। हिता जैन के मंगल गीत के साथ कार्यक्रम को आगे बढ़ाया गया। कुंडलपुर के बड़े बाबा के चित्र का अनावरण ब्र भैया द्वारा किया गया। संत शिरोमणि आचार्य श्री के चित्र का अनावरण ब्र बहनों द्वारा किया गया। नवाचार्य श्री 108 समय सागरजी के चित्र का अनावरण सभी मंदिर एवं चैत्यालय के पदाधिकरी गण द्वारा किया गया। कुंडलपुर के बड़े बाबा के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन विदिशा से आए अथिति गण द्वारा हुआ। आचर्यश्री विद्यासागर महाराज के समक्ष दीप प्रज्वलन का सौभाग्य पूज्य मुनिश्री संभव सागर जी महाराज के गृहस्थ जीवन के परिवारजन द्वारा किया गया। आचर्यश्री समय सागरजी महाराज के समक्ष दीप प्रज्वलन का सौभाग्य पूज्य समस्त मुनिराजों के परिवारजन द्वारा गृहस्थ जीवन के परिवार जन द्वारा किया गया।

नगर के आठो जिनालय के मूलनायक भगवान के प्रतिनिधित्व कर रहे सभी जन्मे के समक्ष दीप प्रज्वलन क्षेत्रीय विधायक हरि सिंह रघुवंशी, जनपद अध्यक्ष नीतू देवेंद्र रघुवंशी ,नगर पालिका अध्यक्ष शशि अनिल यादव , पूर्व विधायक लीना जैन, नेता प्रतिपक्ष जगदीश व्यास, भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य एवं बासौदा हिंदू उत्सव समिति के अध्यक्ष राजेश तिवारी, वार्ड क्रमांक 12 के पार्षद सतीश जैन कटारे, समाज सेवी कांति भाई शाह, सुरेश चंद जैन, महेंद्र जैन बड़कुल, सवाई सिंघई श्रीमल जैन ने किया। पश्चात मंगल चातुर्मास स्थापना हेतु मुनिसंघ को श्रीफल समर्पित इंदरचंद जैन श्री चंद्रप्रभु जिनालय , अशोक जैन ठेकेदार श्री 1008 पारसनाथ जिनालय , देवेंद्र कटारे श्री शांतिनाथ जिनालय आदेश जैन श्री त्रिमूर्ति जिनालय , पंडित रमेश भरत अति प्राचीन सुभाष नाथ वाले रमेश भंडारी श्री आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर गांधी चौक, राकेश जैन कंट्रोल एवं ताराचंद जैन श्री पारसनाथ जिनालय परसोद्वय तीर्थ क्षेत्र धुसरपुरा , पुनीत जैन एवं संतोष कटारे आचार्य विद्यासागर गौशाला कांचरोद रोड, आनंद मोदी दयोदय गौशाला बरींघाट, उपस्थित सकल जैन समाज के सभी संगठन एवं पदाधिकारी एवं जनसमूह द्वारा श्रीफल समर्पण कर मुनिसंघ से मंगल चातुर्मास की स्थापना करने की विनय की।

इस दौरान नगर एवं आसपास के क्षेत्रों के अलावा नागपुर, भोपाल, जबलपुर, गोटेगांव, विदिशा, पनागर, आरोन, सागर, राहतगढ़, गुना, पठारी, कुरवाई, मंडी बामोरा, बीना, जयपुर, इंदौर जबलपुर त्योंदा, सिरनोटा, सिरोंज अशोकनगर से भी बडी संख्या में श्रदालु जन शामिल हुए। इस मौके पर विधायक हरि सिंह रघुवंशी ने आचार्य श्री को बारंबार नमन करते हुए उपस्थित जन समुदाय के जैन समाज की मांग को स्वीकार करते हुए तिरंगा चौक का नाम संत शिरोमणि आचार्य श्री विद्यासागर चौक करने पर सहमति प्रदान की। नगर पालिका अध्यक्ष शशि अनिल यादव में अपने उद्बोधन में पुराने बस स्टैंड पर संत शिरोमणि आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के स्वर्ण दीक्षा महोत्सव पर निर्माणधीन कीर्ति स्तंभ का कार्य शीघ्र जैन समाज से करने का आग्रह किया एवं व्यवस्थित रूप से भारत माता की मूर्ति, शहीदों की मूर्ति स्थापित कर उस क्षेत्र को आकर्षक बनाने का प्रस्ताव दिया। जिसका करतल ध्वनि में समाज ने अभिवादन किया। साथ ही तिरंगा चौक को संत शिरोमणि आचार्य विद्यासागर चौक नामकरण के हेतु शीघ्र प्रशासनिक कार्रवाई कराने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर श्रद्धालु, जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक मौजूद थे।

### योग साधकों ने किया पौधरोपण



**गंजबासौदा।** रविवार को सिटी सेंटर योग कक्षा के योग साधकों द्वारा योग करने के बाद में अन्नपूर्णा मैरिज गार्डन में नगर पालिका अध्यक्ष शशि अनिल यादव के मुख्य आतिथ्य में पौधरोपण किया गया। साथ ही गोट आयोजन किया गया जिसमें योग गुरु जगदीश यादव, सुनीता भावसार के साथ ही योग साधक सीमा शर्मा, रेखा श्रीवास्तव ,राजेंद्र व्यास, प्रवीण शर्मा, देवेंद्र वर्मा, हरि किशोर श्रीवास्तव, कृष्ण अग्रवाल, मोहन भावसार, राजेश नेमा, हरिराम साहू, राजकुमारी, रजनी अग्रवाल, करुणा अग्रवाल, निशा व्यास, आरपी शर्मा, पदमा भावसार, सविता कुशवाहा, सृष्टि यादव, सनी भावसार पूर्व नगर मंडल अध्यक्ष, डा.रागिनी वर्मा, रोहिणी बक्शी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

### भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं और जरासंध के युद्ध के बारे में किया व्याख्यान



**गंजबासौदा।** रघुवंशी धर्मशाला बरेठ रोड में चल रही श्री मद भागवत कथा के सातवें दिन श्री धाम वृन्दावन से आए कथा व्यास उज्जवल कृष्ण महाराज के द्वारा सुदामा चरित्र श्रवण कराया। महाराज ने बताया कि जो सुदामा की तरह भगवान को अपना तन मन और धन समर्पित करता है, भगवान उसको अपना सर्वस्व प्रदान कर देते हैं। इस दौरान उन्होंने जरासंध के युद्ध के बारे में बताते हुए कहा भगवान श्री कृष्ण ने भेष बदलकर युद्ध की मांग की तब जरासंध ने कहा युद्ध तो क्षत्रिय करते हैं मगर तुम तो क्षत्रिय नहीं हो अपना परिचय दो तब श्री कृष्ण ने अपना परिचय देते हुए युद्ध के लिए भीम को आगे किया, भीम से युद्ध करने के लिए जरासंध तैयार हुआ 27 दिन तक युद्ध चलता रहा। भीम ने श्री कृष्ण से कहा ऐसे युद्ध कितने दिन तक चलेगा, तब श्री कृष्ण भगवान ने उनको लकड़ी के तिनके को दो टुकड़ों में फाड़कर विपरीत दिशाओं में फेंकने का इशारा किया, तब जरासंध का वध हो पाया। श्रीश्री 108 महामंडलेश्वर राम प्रिय दास महाराज, रामानुज शास्त्री अयोध्या, अनिल महाराज सहित अनेक साधु संत उपस्थित थे। कथा के दैनिक यजमान शंकर दयाल शर्मा, उषा शर्मा, धीरेंद्र यादव, नीलम यादव, रामदयाल प्रजापति, काशीबाई प्रजापति, महामंडलेश्वर श्रीश्री 108 बालक दास महाराज नूरपुर धाम, विशाल दास वैष्णव, विकास एलिया, डॉ. विनीत तिवारी, तरुण महाराज, गोपाल आचार्य, सुमन आचार्य, दिनेश प्रजापति सहित श्रद्धालु उपस्थित थे।

### अखिल भारतीय अखंड रघुवंशी क्षत्रिय महापरिषद की प्रदेश कार्यकारिणी घोषित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

अखिल भारतीय अंखड रघुवंशी क्षत्रिय महापरिषद की प्रदेश कार्यकारिणी राष्टीय अध्यक्ष उमाशंकर एवं वरिष्ठजनों की सहमति से प्रदेशाध्यक्ष प्रहलाद सिंह रघुवंशी द्वारा घोषित की गई। कार्यकारिणी मे अजयसिंह बुरहानपुर, संजय सिंह अशोकनगर को कार्यकारी अध्यक्ष और बृजेश सिंह भोपाल को महासचिव, प्रथ्वी सिंह रघुवंशी बसरिया बासौदा को कोशाध्यक्ष बनाया गया है। उपाध्यक्ष केशवसिंह उदयपुरा, प्रतापसिंह अशोकनगर, ओमबीरसिंह आरोन, माधवसिंह अशोकनगर, बलबीरसिंह बिदिशा, भेरूसिंह पीतमपुर, मनोज पत्रकार खरगोन, माधवसिंह सीराबाडा, कबिन्द्रसिंह बरेली, भबानीसिंह भोपाल, बीरसिंह कक्का बिदिशा, यशबंतसिंह गुना, भारतसिंह, अजीतसिंह इंदोर, दानसिंह छिंदबाडा, मुकेशसिंह बनापुरा, गगनेन्द्रसिंह लटेरी, लेखराजसिंह छिंदबाडा, जयसिंह इंदोर, शेखर रघुवंशी हरदा बनाए गये हैं। इसके अलावा कार्यकारिणी में अन्य सदस्य भी शामिल हैं।

### वेदांत आश्रम में चल रहा है शिवार्चन

# कलियुग में पार्थिव शिवलिंग निर्माण को श्रेष्ठ कहा गया है

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा



सतयुग में मणिलिंग, त्रेतायुग में स्वर्ण लिंग, द्वापर में पारद एवं कलियुग में पार्थिवलिंग के निर्माण और पूजन को श्रेष्ठ कहा गया है। शिव महापुराण के विद्येश्वर संहिता अध्याय उन्नीस में उल्लेख है कि भगवान शिव के सभी आठ मूर्तियों में पार्थिव मूर्ति श्रेष्ठ है। किसी अन्य द्वारा न पूजी हुई नवनिर्मित पार्थिव मूर्ति के पूजा करने से तपस्या से अधिक फल प्राप्त होता है। जैसे सभी देवताओं में शंकर ज्येष्ठ एवं श्रेष्ठ कहे जाते हैं। उसी प्रकार सभी लिंग मूर्तियों में पार्थिव लिंग श्रेष्ठ कहा जाता है। सभी नदियों में गंगा ज्येष्ठ और श्रेष्ठ कही जाती हैं, वैसे ही सभी लिंग मूर्तियों में पार्थिवलिंग श्रेष्ठ कहा जाता है। जीवाजीपुर स्थित वेदांत आश्रम में सावन के पावन मौके पर बन रहे पार्थिव शिवलिंग निर्माण के दौरान आश्रम के महंत हरिहरदास जी महाराज ने उक्त बात कही। उन्होंने कहा कि पार्थिव शिवलिंग की पूजा को स्त्री पुरुष सभी कर सकते हैं। यह सम्पूर्ण मनोरथों को पूर्ण करने वाली है। पार्थिव शिवलिंग मिट्टी, जल, भस्म, चन्दन, शहद आदि को मिश्रित (मिलाकर) करके अपने हाथों से निर्मित किया जाता है। इसके लिए छानी हुई शुद्ध मिट्टी, गाय का गोबर, गुड़, मक्खन, शहद ,चन्दन और भस्म मिलाकर शिवलिंग का निर्माण करना चाहिए। रविवार को पार्थिव शिवलिंग निर्माण और अभिषेक पूजन यजमान बृज किशोर सुहाने एवं सौरव सुहाने द्वारा किया गया। आश्रम में संस्कृत विद्यालय के वेदमूर्ति पं. शिवशंकर पाण्डेय वेदध्यापक बनारस ने बताया कि पार्थिव पूजन कालसर्प योग, गृहक्लेश, व्यापार में नुकसान, शिक्षा में रुकावट सभी कार्यों एवं बाधाओं को दूर करने के लिए रुद्राभिषेक आपके अभीष्ट सिद्धि के लिए फलदायक है। पशु, भवन, वाहन प्राप्ति के लिए दही, लक्ष्मी की प्राप्ति के लिए इक्षु रस (गन्ने का रस), धन प्राप्ति के लिए मधु (शहद) और घृत (घी) से, मोक्ष प्राप्ति के लिए तीर्थ के जल से अभिषेक करना चाहिए। पुत्र की इच्छा करने वाले व्यक्ति को दूध से शिवजी का अभिषेक करना चाहिए। प्रमेह रोग के विनाश के लिए विशेष रूप से केवल दूध की धारा से अभिषेक करना चाहिए। इससे मनोवांछित कामना की भी पूर्ति होती है। बुद्धि की जड़ता को दूर करने के लिए और बुद्धि तेज करने के लिए शक्कर मिले दूध से अभिषेक करना चाहिए, ऐसा करने पर भगवान शंकर की कृपा से उसकी बुद्धि श्रेष्ठ हो जाती है। सरसों के तेल से अभिषेक करने पर शत्रु का विनाश हो जाता है। उन्होंने बताया कि आश्रम में अध्ययनरत वेदपाठी बटुक विद्यार्थियों के द्वारा भगवान शंकर की पार्थिव शिवलिंग का शुक्ल यजुर्वेद के मंत्रों से पृथक पृथक पूजन एवं शुक्ल यजुर्वेद में भगवान शिव को समर्पित विशेष मंत्र जिन्हें रुद्राष्टाध्यायी के नाम से जाना जाता है, ऐसे दिव्य मंत्रों के सस्वर पाठ से भगवान का रुद्राभिषेक नित्य कराया जा रहा है।

# जिला स्तरीय पत्रकार मिलन समारोह में लोकतंत्र के चारों स्तंभ एक साथ मंच पर नजर आए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा




रविवार को स्थानीय दाद्जी प्लाजा में जर्नलिस्टस यूनियन का जिला स्तरीय पत्रकार मिलन समारोह संपन्न हुआ। जिसमें जिले की विभिन्न तहसीलों से पधारे पत्रकारों ने सहभागिता की। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में प्रथम जिला न्यायाधीश एवं गंजबासौदा न्यायालय के द्वितीय अतिरिक्त न्यायाधीश व विधिक सेवा समिति के अध्यक्ष अनुराग द्विवेदी एवं सिविल जज रावेंद्र सोनी, मुख्य अतिथि यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष एवं वरिष्ठ पत्रकार राधावल्लभ शारदा मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विधायक हरिसिंह रघुवंशी ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में एसडीएम विजय राय, विशेष अतिथि नपाध्यक्ष शशि अनिल यादव, जनपद अध्यक्ष नीतू देवेंद्र रघुवंशी मौजूद रहीं। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा माता सरस्वती एवं ब्रह्म ऋषि नारद मुनि के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया गया। कार्यक्रम की रूपरेखा एवं प्रस्तावना से यूनियन के सचिव माधव शर्मा ने सभी को अवगत कराया। इसके पश्चात न्यायालय के न्यायाधीश एवं विधिक सेवा समिति के अध्यक्ष अनुराग द्विवेदी ने पत्रकारों को संविधान द्वारा प्रदत्त उनके अधिकारों से अवगत कराया। इसके साथ ही निष्पक्ष एवं ईमानदार रहते हुए पत्रकारिता करने की बात कही। उन्होंने अभिव्यक्ति की आजादी के अधिकार का समाज हित में उपयोग करने की बात कही।

न्यायाधीश ने प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम में पत्रकारों के कई सवालों के जवाब दिए।उन्होंने किन-किन परिस्थितियों में और कहां-कहां पर वीडियो रिकॉर्डिंग कॉल रिकॉर्डिंग की जानी चाहिए इसे विस्तार से बताया। कार्यक्रम में विधायक हरि सिंह रघुवंशी ने कहा कि पत्रकारिता को पेशा नहीं समझना जाना चाहिए। यह सेवा का क्षेत्र है और पत्रकार को एक सेवक की भांति अपने पत्रकार धर्म को निभाते हुए शासन- प्रशासन और जनता के बीच सेतु का कार्य करते हुए जनहित के मुद्दों को हल करने की दिशा में कार्य करते रहना चाहिए। नपाध्यक्ष शशि अनिल यादव ने कहा कि पत्रकार समाज का आईना होता है, पत्रकार जो भी खबर में लिखते है, लोग उसे सच मान लेते हैं। इसलिए पत्रकारिता में सच्चाई होना आवश्यक है। जनपद अध्यक्ष नीतू देवेंद्र रघुवंशी ने कहा कि पत्रकार कई खबरें जोखिम उठाकर पहुंचाते हैं। शासन प्रशासन का यह प्रयास होना चाहिए कि जन समस्याओं और भ्रष्टाचार की खबरों पर त्वरित कार्रवाई हो।

यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष राधा वल्लभ शारदा ने अपने पत्रकारिता के 55 वर्ष के अनुभव को साझा किया। उन्होंने असेंबली ऑफ़ एमपी जर्नलिस्टस यूनियन के जिला अध्यक्ष के रूप में गगन दुबे के नाम की घोषणा की। इस दौरान पत्रकारों का भी सम्मान किया गया।

खबर संक्षेप

## नगर निगम में ईएसआईसी का शिविर आयोजित किया गया

**सागर।** नगर पालिक निगम के सभाकक्ष में राज्य कर्म चारी बीमा निगम सागर शाखा प्रबंध मुकेश शर्मा ने बताया की कर्मचारी को चिकित्सा बीमारी मातृत्व रोजगार चोट एवं मृत्यु की स्थिति में नगद भुगतान का लाभ मिलेगा निगम संस्थानों में जो एजेंसी /ठेकेदारों द्वारा अभी तक पंजीयन नहीं कराया है शीघ्र करावे जिसे वह देय जुर्माने बच सके शिविर में मुख रूप से नगर निगम के सहा. लेखाधिकारी हर्ष केसरवानी सहा. आयुक्त तबस्सुम खान, नीतू तिवारी, चंद्रविजय गौर, ठेकेदार मोनू शुक्ला, रोहित तिवारी अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

## भू-अधिकार ऋण पुस्तिका अब ऑनलाईन

**सागर।** किसानों और आम जनता को भू-अधिकार ऋण पुस्तिका प्राप्त करने के लिए अब पटवारी के पास जाने की जरूरत नहीं है। आम जनता की सुविधा के लिये भू-अधिकार ऋण पुस्तिका को ऑनलाइन कर दिया गया है। कोई भी व्यक्ति अपनी भू-अधिकार ऋण पुस्तिका को नजदीकी कियोस्क सेंटर अथवा कॉमन सर्विस सेंटर या स्वयं के एन्ड्रायड मोबाइल से निर्धारित शुल्क 10 रूपये अदा कर ले सकता है। कृषकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए राजस्व विभाग ई-तकनीक को बढ़ावा दे रहा है, ताकि किसानों एवं आमजन को तहसील एवं पटवारी के चक्कर न लगाने पड़े। वर्षों पूर्व आमजन और किसानों को अपने खाते की नकल पाना कठिन कार्य था। जन-मानस की परेशानी को ध्यान में रखते हुए राजस्व विभाग के नियमों में बदलाव कर जन-सुविधा से जुड़े अभिनव प्रयोग किए जा रहे हैं। राजस्व विभाग द्वारा कृषकों से अपील की गई है कि सुविधाजनक रूप से किए गए बदलाव का ई-तकनीक के माध्यम से लाभ उठाएँ और परेशानी से बचें।

### कांवड़ यात्रा के सदस्यों ने मां शिप्रा के जल से किया बाबा विश्वनाथ का जलाभिषेक

# कांवड़ में जल भरकर हजारों कांवडिया निकले बाबा विश्वनाथ धाम

### *समिति के सदस्यो ने किया श्रद्धालुओं से अनुरोध-हवन पूजन की सामग्री को कुंडों में न डालें*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

सावन माह के दूसरे सोमवार को लेकर रविवार को दर्जनो कावड़ यात्राएं बाबा विश्वनाथ धाम देवपुर के लिए रवाना हुई। जो कि सोमवार को धाम देवपुर पहुचकर कावड में भरे जल से बाबा विश्वनाथ का जलाभिषेक करेगें। आज नगर सहित ग्रामीण अंचलों में भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक करने के लिए सुबह से शिव मंदिरो में भक्तो की कतारे नजर आएगी। तो वही भक्त भगवान भोलेनाथ को जल चढ़ाकर विधि विधान पूर्वक पूजा अर्चना करेगें। तीर्थ क्षेत्र धाम देवपुर में प्रातः से ही श्रध्दालुओं का पहुंचने का सिलसिला प्रारंभ हो जाता है। श्रद्धालुओं को कोई परेशानी न हो इसके लिए मंदिर समिति के लोग दिनभर व्यवस्थाओं में जुटे नजर आते है। सुरक्षा की दृष्टि को देखते हुए शिव मंदिर के समीप पुलिस कर्मी तैनात नजर आएगें।





### मां शिप्रा के जल से किया बाबा विश्वनाथ का जलाभिषेक

सिरोंज से प्रतिवर्ष उज्जैन पहुचकर महाकाल कावड यात्रा के सदस्य तीर्थ क्षेत्र धाम देवपुर पहुचकर बाबा विश्वनाथ का जलाभिषेक करते आ रहें है। तो वही इस वर्ष भी लगभग 50 कावडियो का जत्था 12 जुलाई को उज्जैन से मां शिप्रा का जल अपने कावड में भरकर बाबा विश्वनाथ का जलाभिषेक करने के लिए निकल थें। जो कि रविवार को सिरोंज पहुचें। वही नगरवासियो ने नगर के मुख्य चौक-चौराहो पर कावडियो का पुष्पवर्षा का भव्य स्वागत किया। तो वही कावडियो ने तीर्थ क्षेत्र धाम देवपुर में पहुचकर बाबा विश्वनाथ जलाभिषेक किया। बता दे कि महाकाल कावड यात्रा समिति के सदस्यो द्वारा 2004 से यह कावड यात्रा निकाली जा रही है। जो कि लगातार 2004 से सिरोंज की आस्था की पहचान बनी हुई इस वर्ष भी अपने 50 कावड़ियों के साथ उज्जैन से मां शिप्रा का जल भर कर बाबा विश्वनाथ धाम देवपुर पहुंचे।

### 51 लीटर जल से होगा बाबा का जलाभिषेक

ग्राम बमुलिया उदा से आज विशाल कांवड यात्रा निकाली जाएगी। जो कि ग्राम के खेडापति हनुमान मंदिर से प्रात 7 बजें प्रारंभ होकर बाबा विश्वनाथ की नगरी पहुचेगें। इस अवसर पर विशाल कावड यात्रा में ग्राम की महिलाएं,पुरूष,बच्चें बडी संख्या में शामिल रहेगें। तो वही 51 लीटर जल से बाबा का जलाभिषेक किया जाएगा।

### समिति के सदस्य अर्जुन राजपूत ने श्रद्धालुओं से की अपील



बाबा विश्वनाथ सेवा समिति के सदस्य एंव सरपंच अर्जुन राजपूत ने बाबा विश्वनाथ धाम देवपुर आने वाले भक्तो से अपील करते हुए कहा कि जो भक्त बाबा विश्वनाथ की नगरी देवपुर धाम में दर्शन के लिए आते हैं। उन सभी भक्तों से हाथ जोड़कर निवेदन है आप अपने घर से जो हवन की पूजा की सामग्री पुरानी भगवान की तस्वीर थैली और बोरियों में भरकर लाते हैं और इन कुंड में डाल जाते हैं। जिससे कि इन कुंड में मालवा बनता है और कीचड़ होती है और आप सभी श्रद्धालुओं को नहाने में यह पानी गंदा लगता है। इसके जिम्मेदार हम सब है। क्योंकि हम ही ऐसी वस्तुएं इन कुंड में लाकर डालते हैं। जिससे कि इन कुंड का पानी खराब होता है। उन्होने कहा कि मेरा सभी भक्तों से समिति की तरफ से ग्राम पंचायत की तरफ से हाथ जोड़कर निवेदन है कि ऐसी कोई सामग्री ना लाएं जिससे कि कुंड दूषित हो। अगर आप ऐसी सामग्री ले लाते है तो उक्त सामग्री को रास्ते में कहीं भी बहती नदी,तालाब,डैम उसमें डाले।

## आईजा के वरिष्ठ सदस्य जीवन लाल का मुंबई में होगा सम्मान



**सिरोंज।** आईजा के वरिष्ठ सदस्य जीवन लाल जैन को मुबंई में अखिल भारतीय ओसवाल जैन संघ महासंघ एवं मरूधर का तहलका न्यूज़ नेटवर्क के संयुक्त तत्वावधान में 2482वें ओसवाल वंश महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर कार्यक्रम में जैन समाज के आईएएस, आईपीएस, आईआरएस अधिकारी, डॉक्टर्स, एडवोकेट्स, उद्योगपति एवं समाज के अन्य वरिष्ठजन शामिल होगें। इस मौके पर कार्यक्रम में समाज के लिए तन-मन-धन से समर्पित विभूतियों का सम्मान किया जाएगा और बेरोजगारी, विवाह संबंधी समस्याएँ एवं समाज में बढ़ रहे आडंबर जैसे मुद्दों पर बुद्धिजीवियों द्वारा सार्थक मंथन होगा। तो वही बीते वर्ष की उपलब्धियों एवं चुनौतियों पर भी विवरण प्रस्तुत होगा। सरकारी योजनाओं की जानकारी हेतु दो प्रमुख संस्थाएं भी उपस्थित रहेंगी। वही भारतीय मानव अधिकार सहकार ट्रस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुनील सिंह यादव,राष्ट्रीय सचिव शिवम तिवारी, युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष कृष्णा यादव,मनीष गुप्ता,सोहन वर्मा,सुनील सेठिया, डॉ. हरीश शर्मा, संतोष सांवरिया, प्रेम कुमार वैद्य, इंद्रजीत सिंह चौहान, राघवेंद्र सिंह कुशवाहा,संतोष सिंह पवार, मुकेश विश्वकर्मा एवं भारतीय मानव अधिकार सहकार ट्रस्ट परिवार शुभकामनाएँ प्रेषित करते हैं। सेवा,सुरक्षा और सम्मान के लिए प्रतिबद्धह्ल इसके अलावा भी कई संस्थाओं द्वारा भी जीवन जैन का सम्मान किया गया। अनंत श्री पौधा रोपण सामाजिक समिति के प्रवीण पाल बिल्लू, बजरंग सिंह चौहान,जैन सोशल ग्रुप के अध्यक्ष धर्मेंद्र बम, सुरेन्द्र कांकरिया, प्रेस क्लब अध्यक्ष दीपक चौहान, बृजेश बोहरा, मनीष ओरा, पत्रकार निलेश मेहता,मनोज सोनी, सुनील उपाध्याय, कपड़ा व्यापारी दीपक जैन,महेन्द्र जैन नाना,राजेश सकलेचा,गगन बोहरा, कन्हैया चौधरी, महेंद्र सिंह पंवार आदि ने जीवन लाल जैन को बधाई शुभकामनाएं प्रेरित की।

## स्वदेशी सुरक्षा और स्वावलंबन विषय पर बौद्धिक, विद्यार्थियों ने लिया स्वदेशी संकल्प



**सिरोंज।** स्वदेशी जागरण मंच के तत्वावधान में सांदीपनी विद्यालय में एक विशेष बौद्धिक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य विषय स्वदेशी सुरक्षा और स्वावलंबन रहा। जिसमें प्रमुख वक्ता के रूप में स्वदेशी जागरण मंच के तरुण यादव ने अपने विचार प्रस्तुत किए। उन्होंने अपने बौद्धिक में भारत के आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक विकास में स्वदेशी उत्पादों और आत्मनिर्भरता की भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि विदेशी वस्तुओं पर अत्यधिक निर्भरता से न केवल हमारी अर्थव्यवस्था प्रभावित होती है, बल्कि हमारी संस्कृति और परंपराएं भी प्रभावित होती हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि वे स्वदेशी उत्पादों का उपयोग करें, भारतीय उद्योगों को समर्थन दें और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में भागीदार बनें। इस अवसर पर विद्यार्थियों के बीच स्वदेशी संकल्प का सामूहिक वाचन भी किया गया, जिसमें उन्होंने स्वदेशी वस्तुओं को अपनाने और देश की उन्नति में योगदान देने का संकल्प लिया। वही स्वदेशी जागरण मंच के जिला सहसंयोजक चरण सिंह रघुवंशी ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में स्वदेशी भावना जागृत करना और उन्हें स्वावलंबन की दिशा में प्रेरित करना है। इस दौरान विद्यालय प्राचार्य महेश कुमार ताम्रकार, सत्यनारायण शर्मा, करण सिंह विश्वकर्मा सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी मौजूद रहे।

## आईपीएस सुनील जैन के पिता का निधन पर



**सिरोंज।** मध्यप्रदेश प्रशासन में पदस्थ आईपीएस,डीआईजी सुनील जैन के पिता श्री के निधन का दुख समाचार प्राप्त होने पर आगरा के महाराजा अग्रसेन सेवा सदन में आयोजित शोकसभा में राज्यसभा सांसद नवीन जैन ने पहुचकर शोक श्रद्धाजंलि अर्पित की। इस अवसर पर आईजा के राष्ट्रीय अध्यक्ष हार्दिक हुंडिया,मध्यपद्रेश आईजा के अध्यक्ष एडवोकेट राजीव जैन सैनानी ने सुनील जैन के पिता के निधन पर भगवान महावीर से प्रार्थना कि दिवंगत आत्मा को अपने श्री चरणो में स्थान दें। साथ ही इस कठिन समय में परिवार को धैर्य व संबल प्रदान करने की शक्ति प्रदान करें।

## ओबीसी महासभा के संभागीय महासचिव बने पत्रकार रघुवीर प्रजापति



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

ओबीसी महासभा राष्ट्रीय कोर कमेटी व कार्यकारी प्रदेशाध्यक्षो की सहमति व अनुमति से नगर के वरिष्ठ पत्रकार व समाजसेवी रघुवीर प्रजापति को ओबीसी महासभा का संभागीय महासचिव नियुक्त किया गया। तो वही श्री प्रजापति की नियुक्ति पर उनके शुभचिंतको ने उन्हें बधाईया दी।

# हर मर्ज़ में एंटीबायोटिक से इलाज रामबाण नहीं होता: डॉ एमके जैन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

19-20 जुलाई को इंदौर में आयोजित इंडियन अकैडमी ऑफ़ पीडियाट्रिक्स की ज़ोनल इन्फेक्शियस डिज़ीज़ कॉन्फ्रेंस में देशभर के नामी शिशु रोग विशेषज्ञों ने एक स्वर में एंटीबायोटिक दवाओं के अनियंत्रित उपयोग को भविष्य की गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं का कारण बताया। सम्मेलन में राष्ट्रीय आईएपी अध्यक्ष डॉ. नीलम मोहन, आयोजन समिति अध्यक्ष डॉ. केके अरोरा, डॉ. पी. वाल्वेकर एवं देशभर से आए डेलीगेट्स की गरिमामयी उपस्थिति रही।

इस अवसर पर कोलकाता से आए वरिष्ठ विशेषज्ञ डॉ. जयदीप चौधरी ने अपने वक्तव्य में बताया कि वर्तमान में ज़रा-सी अस्वस्थता पर एंटीबायोटिक दवाओं का अंधाधुंध प्रयोग हो रहा है। उन्होंने कहा कि “हर मर्ज़ में एंटीबायोटिक लेना पाचन तंत्र को नुकसान पहुंचा रहा है — जिससे दस्त, उल्टी, पेट दर्द, गैस, भूख न लगना जैसी समस्याएं तेजी से बढ़ रही हैं।”डॉ. चौधरी ने चेताया कि जब शरीर को इन दवाओं की वास्तव में ज़रूरत होती है, तब ये असर नहीं करतीं क्योंकि शरीर में एंटीबायोटिक प्रतिरोधक क्षमता विकसित हो जाती है। इससे सामान्य बीमारियां भी गंभीर रूप ले सकती हैं। उन्होंने आगे बताया कि इसके दीर्घकालिक प्रभावों में एलर्जी, अस्थमा और मधुमेह जैसी बीमारियों का खतरा भी शामिल है।कॉन्फ्रेंस में चेयरपर्सन की भूमिका निभा रहे डॉ. एमके जैन ने बताया कि वायरल, फंगल, प्रोटोज़ुअल और मौसमी बीमारियों में एंटीबायोटिक अक्सर बेअसर होती हैं, फिर भी इन्हें बिना सोच-समझ के इस्तेमाल किया जा रहा है। उन्होंने इसे ₹दुधारू तलवार₹ बताया और कहा कि एंटीबायोटिक का ‘रामबाण’ जैसा इस्तेमाल करना अब खतरे की घंटी बन चुका है।


बचाव ही सबसे बड़ा इलाजविशेषज्ञों ने सलाह दी कि उपचार के लिए संतुलित आहार, जैसे सलाद, फल, फाइबर युक्त भोजन, दही, मट्ठा और आवश्यकता अनुसार प्रीबायोटिक व प्रोबायोटिक का सेवन किया जाना चाहिए। साथ ही जब भी एंटीबायोटिक की जरूरत हो तो उसे डॉक्टर की सलाह अनुसार सही दवा, सही समय और सही खुराक में लेना चाहिए।



# डायल 100 गढ़ाकोटा टीम ने निभाई ‘संजीवनी’ की भूमिका

### दुर्घटना में घायल हुए दो लोगों की तत्परता से बचाई जान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गढ़ाकोटा



18 जुलाई को समय लगभग 11:50 बजे थाना गढ़ाकोटा अंतर्गत पथरिया रोड ग्राम रेंगुआ के पास एक सड़क दुर्घटना की सूचना प्राप्त हुई, जिसमें एक महिला व एक पुरुष गंभीर रूप से घायल हो गए थे। घटना की सूचना प्राप्त होते ही थाना प्रभारी रजनीकांत दुबे के निर्देशन पर डायल 100 एफआरबी वाहन क्रमांक 10 में तैनात पायलट सौरभ तिवारी एवं आरक्षक क्र. 957 सोनी सिंह ने मात्र 5 मिनट में घटनास्थल पर पहुंचकर गंभीर रूप से घायल व्यक्तियों को प्राथमिक उपचार हेतु सीएससी गढ़ाकोटा अस्पताल पहुंचाया।घायलों की पहचान विनोद पाल, पिताः काशीराम पाल, उम्रः 35 वर्ष, निवासीः जूना, थाना रहली। मुन्नी बाई, पतिः रामकृष्ण पाल, उम्रः 33 वर्ष, निवासीः बांस पथरिया, जिला दमोह डायल 100 की तत्परता से 108 एंबुलेंस उपलब्ध न होने की स्थिति में भी एफआरबी टीम ने मानव सेवा का परिचय देते हुए ‘संजीवनी’ की भूमिका निभाई और समय रहते दोनों घायलों को अस्पताल पहुंचाकर उनकी जान बचाई। वरिष्ठ अधिकारियों एवं घायलों के परिजनों द्वारा डायल 100 टीम के इस प्रशंसनीय एवं मानवीय कर्तव्यनिष्ठ कार्य की भूरी-भूरी सराहना की गई है। गढ़ाकोटा पुलिस की इस सहृदयता और संवेदन शीलता पूर्ण कार्यवाही से पुलिस के प्रति आमजन का विश्वास और भी अधिक सुदृढ़ हुआ है।

### जिला टास्क फोर्स की बैठक संपन्न

**सागर।** जिले में स्टॉप डायरिया सह दस्तक अभियान के लिए जिला कलेक्टर कार्यालय में सीईओ जिला पंचायत की अध्यक्षता में जिला टास्क की बैठक संपन्न हुई। बैठक में सी.ई.ओ.द्वारा दस्तक अभियान की सफल क्रियान्वयन हेतु विभागों में आपसी सहयोग स्थापित करने हेतु निर्देश दिए गए।



## 4 एंबुलेंस से 26 मरीजों को निशुल्क इलाज के लिए भेजा भोपाल

**गढाकोटा।** शिल्पी अभिषेक भार्गव द्वारा संचालित वेदिका फाउंडेशन के तहत रविवार को 4 एंबुलेंस से 26 मरीजों के लिए भोपाल इंदौर की अस्पतालों में निशुल्क इलाज हेतु भेजा गया। मरीज जिनमें लक्ष्मी पटेल उदयपुरा, विमल रैकवार गढ़ाकोटा, सुशीला चौरसिया रहली, कस्तूरी बाई कुर्मी पिपरिया, अहिल्या अहिरवार छुल्ला, रामेश्वर कुर्मी जूना, राधा रानी कुर्मी गुंजोरा, जगभान सौर निपानिया, चंद्र रानी काछी घोघरा, जगन्नाथ लोहगड़िया, नयाखेड़ा, कलाबाई लोहगड़िया, नाथू लोहगड़िया, मिहीलाल कुर्मी पिपरिया गोपाल, प्रभु सेन पिपरिया गोपाल, भारती सेन पिपरिया गोपाल, मोतीलाल रजक दरारिया, आरती काछी चांदपुर, प्रेम नारायण कुर्मी छुल्ला, भानु प्रताप कुर्मी छुल्ला, चंद्र रानी लोधी रंगोली, काव्या अहिरवार गढ़ाकोटा, सूर्या व्यास महाराजपुर, रामरति ठाकुर बड़गांन, शंभू ्रजापति जबलपुर शामिल हैं। तथा गढ़ाकोटा निवासी काव्या अहिरवार उम्र 2 माह की है जिसके हार्ड में छेद है । तथा महाराजपुर निवासी सूर्या व्यास उम्र 8 माह हार्ड में छेद के इलाज हेतु इंदौर के अपोलो हॉस्पिटल भेजा गया। जहां भोपाल स्थित पूर्व मंत्री गोपाल भार्गव के बंगले पर मरीज को भोजन ठहरने की व्यवस्था होती है। और वहां कर्मचारी इलाज के लिए मरीजों को विभिन्न अस्पतालों में साथ ले जाते हैं।

### वात्सल्य स्कूल में वार्षिक पद ग्रहण समारोह सम्पन्न

**सागर।** वात्सल्य सीनियर सेकेंडरी स्कूल सागर में इन्वेस्टीचर सेरेमनी का आयोजन शनिवार के दिन किया गया। इस सेरेमनी में स्कूल के विद्यार्थियों को 2025–2026 के शैक्षणिक सत्र के लिए चुनाव द्वारा चयनित किया गया। कक्षा ग्यारहवीं और बारहवीं के कुल 16 विद्यार्थियों को विभिन्न स्कूल हाउस के कैप्टन और वाइस कैप्टन बनाया गया। स्कूल की प्राचार्या अलका श्रीवास्तव ने सभी कैबिनेट सदस्यों को शपथ ग्रहण करवाई। कैबिनेट सदस्यों के अभिभावक भी सेरमनी में मौजूद रहे।

## लड़कियों को शिक्षित करने को लेकर सामाजिक जागरूकता का हुआ कार्यक्रम

**गढाकोटा।** सागर जिले के गढाकोटा में रविवार के दिन नदी पार स्थित तिलक वार्ड में मिलान फाउंडेशन कि गर्ल्स आइकन्स के द्वारा लड़कियों को शिक्षित व बाल विवाह के संबंध कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें गर्ल्स आइकन्स कि सुनीता प्रजापति, नंदनी रजक, अपशीन नाज, निहारिका नामदेव, भावना रजक, हेमलता रजक के द्वारा नाटक के माध्यम से शिक्षा व बाल-विवाह पर आधारित नाटक प्रस्तुत कर सामाजिक जागरूकता लाई गई। लीडर गर्ल्स आइकन्स हेमलता रजक ने बताया कि आजकल के समय में लड़कियों के बाल विवाह कर दिए जाते हैं जो एक बीमारी है ओर आज इसी को लेकर सभी को जागरुक किया है की लड़कियों को शिक्षित करें उनके बाल विवाह न करें। इस अवसर पर वार्ड पार्षद मुश्ताक खान, थाना गढाकोटा रविकुमार आठ्या, रामकिशोर प्रजापति, विश्वनाथ रजक, रसिता वेगम आंगनबाड़ी सहायका, साहिरा बानू, अमन यादव वार्ड प्रभारी के साथ वार्डवासी मौजूद थे।

# भगवान पुण्यकालेश्वर महादेव की वार्षिक शाही सवारी 26 को

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

शहर की धार्मिक आस्था और सामाजिक समरसता का प्रतीक बनने जा रही भगवान श्री पुण्यकालेश्वर महादेव की भव्य शाही सवारी के सफल संचालन हेतु शिवाय मैत्री मंडल के तत्वावधान में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया।

यह शोभायात्रा वर्षों से श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र रही है और अबकी बार इसे और अधिक भव्य स्वरूप देने का संकल्प लिया गया है। बैठक की अध्यक्षता पुजारी श्री यशवंत गोस्वामी ने की। आयोजन की रूपरेखा, व्यवस्थाओं की रूपरेखा तथा समिति के गठन पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में सर्वसम्मति से कार्यकारिणी का गठन किया गया, जिसमें निम्न पदाधिकारियों का मनोनयन किया गया। जिसमें महेंद्र सिंह राजपूत (राजा) को संयोजक, राहुल धाकड़ एवं विवेक गोस्वामी को सह-संयोजक, जितेंद्र राजपूत को कोषाध्यक्ष बनाया गया है।



शनिवार 26 जुलाई को सुबह 10 बजे बड़ वाले घाट, वेत्रवती तट से प्रारंभ होकर पुण्यकालेश्वर महादेव मंदिर, अयोध्या नगर तक इस ऐतिहासिक शोभायात्रा में धार्मिक झांकियां, भजन मंडलियां, ढोल-नगाड़े तथा श्रद्धालुओं की विशाल टोलियां शामिल होंगी। आयोजन को सुचारु एवं भव्य बनाने हेतु सुरक्षा, जल सेवा, स्वास्थ्य सहायता एवं यातायात व्यवस्था हेतु उपसमितियों का गठन किया जाएगा। यह यात्रा केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि समाज को जोड़ने वाली एक पुण्य परंपरा है। शिवाय मैत्री मंडल ने स्थानीय नागरिकों, सामाजिक संगठनों एवं श्रद्धालुजनों से अपील की है कि वे तन-मन-धन से सहयोग कर आयोजन को सफल बनाएं। बैठक में अखिलेश राजपूत, कमलेश सेन राजेश विश्वकर्मा, श्यामलाल विश्वकर्मा, मानसिंह राजपूत, लखन यादव, वीरेंद्र राजपूत, अंकित गोस्वामी, निरंजन सेन समेत बड़ी संख्या में क्षेत्रीय श्रद्धालु और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। बैठक के समापन पर यह संकल्प लिया गया कि इस बार की शोभायात्रा धार्मिक गरिमा, सामाजिक एकता एवं अनुशासन की मिसाल बनेगी, जिससे संपूर्ण विदिशा गौरवान्वित हो।

बरकतउल्लाह विश्वविद्यालय भोपाल से संबंद्धता एवं उच्च शिक्षा से मान्यता प्राप्त
CIST COLLEGE • ALWAYS AHEAD •
CIST COLLEGE
E-pravesh code : P634
ADMISSION OPEN
B.B.A. PGDCA
CIST College Near Water Tank, Arihant Vihar, Vidisha (M.P.) | 07592-403481, 796042, 9893708149

खबर संक्षेप

## घाटी पर ब्रेक फैल होने से पेड़ से टकराया डंपर



**दीवानगंज।** शनिवार शाम को भोपाल से विदिशा की तरफ जा रहा डंपर क्रमांक एमपी 04 एचई 5271 के बालमपुर घाटी उतरते समय ब्रेक फेल हो गए। जिससे वह अनियंत्रित होकर पेड़ से जा टकराया। डंपर चालक डंपर में ही फंसकर रह गया। लोगों ने डंपर के गेट को जेसीबी से तोड़कर ड्राइवर महेश अहिरवार उम्र 35 वर्ष को निकाल कर एंबुलेंस से भोपाल भेजा, जहां उसका इलाज जारी है।

## वृद्धों को बिना ईकेवायसी के भी मिलेगा राशन

**रायसेन।** शासन के निर्देशानुसार सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत पात्र हितग्राहियों की ई-केवायसी होने पर राशन वितरण किया जा रहा है। वर्तमान में 80 वर्ष से अधिक, वृद्ध, दिव्यांग एवं कुष्ठ रोगी की ई-केवायसी न होने से राशन वितरण समस्या को दृष्टिगत रखते हुए शासन द्वारा इनको 3 माह का राशन वितरण के लिए पीओएस मशीन में प्रदर्शित कराया गया है। इन्हें पात्रता अनुसार राशन वितरण किया जाना है। 80 वर्ष से अधिक, वृद्ध, दिव्यांग एवं कुष्ठ रोगी हितग्राहियों से खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग ने आग्रह किया है कि वह अपनी नजदीकी शासकीय उचित मूल्य दुकान पर जाकर माह जून, जुलाई एवं अगस्त 2025 का पात्रता अनुसार राशन प्राप्त करें तथा परिवार के शेष सदस्यों की ई-केवायसी अनिवार्यता कराएं।

## राशन विक्रेताओं ने कहा जल्द मिले बढ़ा मानदेय

**रायसेन।** मप्र सहकारिता समिति कर्मचारी महासंघ के जिलाध्यक्ष ज्योतिचन्द नामदेव के नेतृत्व में सहकारिता कर्मचारियों द्वारा कलेक्टर के नाम डिप्टी कलेक्टर मनीष शर्मा को अपनी पांच सूत्रीय मांगों को लेकर ज्ञापन दिया है। ज्ञापन के माध्यम से सहायक समिति प्रबंधकों ने उनकी मांगें पूरी न होने पर 23 जुलाई को मुख्यमंत्री का घेरावकर आंदोलन की चेतावनी दी है। जिलाध्यक्ष श्री नामदेव ने बताया शासन द्वारा प्रदेश के सभी कर्मचारियों को तीन हजार रुपए का मानदेय बढ़ाने की घोषणा की है।

## 'नशे से दूरी है जरूरी'
## जनप्रतिनिधियों, पुलिस और छात्रों ने ली शपथ

# नशे के खिलाफ पुलिस की जंग, सागर-भोपाल तिराहे पर पुलिस और विद्यार्थियों ने मिलकर बनाई 'मानव श्रृंखला'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

पुलिस विभाग द्वारा चलाए जा रहे 'नशा से दूरी है जरूरी' अभियान के तहत रविवार को दोपहर सागर-भोपाल तिराहे पर विद्यार्थियों और पुलिस द्वारा मानव श्रृंखला बनाई गई। इस कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि, पुलिसकर्मी, नर्सिंग छात्राएं और ताइक्वांडो खिलाड़ी सहित कई नागरिकों ने हिस्सा लिया। नपा अध्यक्ष सविता जमना सेन ने नशामुक्त जीवन जीने की शपथ दिलाई।

एसपी पंकज पांडे ने नशामुक्ति अभियान की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देश पर यह अभियान 15 से 30 जुलाई तक चलेगा। अभियान में सभी को अपनी सहभागिता निभाना बेहद जरूरी है। कार्यक्रम में विधायक प्रतिनिधि जमना सेन, रायसेन जिला विकास समिति के सदस्य, एएसपी कमलेश खरपुसे, एसडीओपी प्रतिभा शर्मा, थाना प्रभारी नरेंद्र गोयल और यातायात प्रभारी लता मालवीय एवं कांग्रेस पार्षद प्रभात चावला सहित कई लोग मौजूद थे।



## विभागीय अधिकारी खाद का पर्याप्त भंडारण का कर रहे दावा

# घंटों इंतजार के बाद भी नहीं मिल रही डीएपी यूरिया खाद, किसान परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

किसान खरीफ सीजन में फसलों की बोवनी के लिए डीएपी, यूरिया सहित अन्य खाद की किल्लत से जूझ रहे हैं। शहर के अर्जुन नगर कृषक सेवा सहकारी समिति, गल्ला मंडी में एमपी एग्रो की खाद गोदामों सहित चोपड़ा की जिला विपणन विभाग की खाद गोदामों में अलसुबह से ही किसान रासायनिक उर्वरकों के लिए डेरा डाल रहे हैं। काफी जद्दोजहद के बावजूद किसानों को पर्याप्त मात्रा में खाद नहीं मिल रही है, जिससे वह बेहद परेशान हैं। जबकि जिम्मेदार अधिकारी पर्याप्त मात्रा में खाद का भंडारण होने का दावा कर रहे हैं।

किसानों ने बताया कि शुक्रवार, शनिवार को सोसायटी में गए थे। बताया कि केवल 50 किसानों को टोकन दिया है। इसके बाद अगर यूरिया बचेगी तभी मिलेगी, इसके बाद वे संजय नगर स्थित खाद गोदाम पहुंचे। वहां पर कहा अभी यूरिया नहीं है सोमवार को आना। शनिवार को सुबह 7 बजे पहुंचे तो किसानों की लंबी लाइन लगी हुई थी। खाद गोदाम पर बताया कि सिर्फ 800 बोरी यूरिया और 300 बोरी डीएपी खाद स्टॉक में है। दोपहर 12.30 बजे के बाद वह भी खत्म हो गई।

### बदल रहे बार बार नियम

*ग्राम कानपोहरा के किसान शेर सिंह लोधी ने बताया कि अधिकारी बार-बार नियम बदल रहे है। कल एक एकड़ पर एक बोरी खाद का नियम था। मैं कल भी दिन भर खाद के लिए खड़ा रहा। आज यह बोल रहे हैं कि जिसके नाम का आधार है उसी को खाद दे सकेंगे।*



### एक दूसरे से खाद लेकर किसान चला रहे काम

*किसानों का कहना है कि अब सोयाबीन धान फसलों के ग्रोथ का समय है। अभी ही यूरिया की सख्त जरूरत है। समय पर छिड़काव से फसल की अच्छी पैदावार होगी, लेकिन सोसायटी में यूरिया नहीं मिल रही है। हालांकि जिन किसानों ने पहले यूरिया ले रखी थी उनसे लेकर किसानों ने थोड़ा छिड़काव कर दिया है। लेकिन यह पर्याप्त नहीं है। किसान खाद के लिए इधर-उधर भटक रहे हैं। किसानों ने बताया कि पहले बारिश न होने से परेशान थे अब यूरिया की किल्लत से जूझ रहे हैं। बारिश के चलते धान मक्का और अन्य फसलों के लिए यूरिया खाद की आवश्यकता पड़ती है, लेकिन बताया जा रहा है कि खुले बाजार में भी दुकानों पर यूरिया का अभाव है। हालांकि सरकारी स्तर पर यूरिया का खाद बोरी पर निश्चित है लेकिन मौके का फायदा उठाकर दुकानदार से लेकर गोदाम कर्मचारियों मनमानी दामों में यूरिया खाद किसानों को बेच रहे हैं।*

### यूरिया खत्म बता दे रहे डीएपी

ग्राम हक्रीमखेड़ी के सरपंच प्रतिनिधि तौफीक खान ने बताया कि सुबह 8 बजे डीएमओ कार्यालय खाद लेने आया था। यहां लाइन में लगने के दो घंटे बात पता चला की यूरिया खत्म हो गया है। अब सिर्फ डीएपी दे रहे हैं। हमें जितनी जरूरत है उससे आधी संख्या में भी डीएपी नहीं दिया जा रहा।

### दो दिन से खाद के लिए परेशान

ग्राम सेंडोरा निवासी मोहर सिंह का कहना है कि दो दिन से खाद के लिए परेशान होना पड़ रहा है। यूरिया नहीं मिल रहा है, डीएपी के लिए भी लाइन लग रही है। फसल में अभी खाद की जरूरत है किसानों को केवल आश्वासन दिया जा रहा है।

### उपलब्ध कराएंगे

किसानों को पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध कराया जाएगा। विदिशा स्टेशन पर ट्रेन से यूरिया खाद की दो रैक रायसेन गोदाम पहुंचेगी। इसके बाद डीएपी और एनपीके खाद की रैक आएगी।

**- कल्याण सिंह ठाकुर,** डीएमओ
जिला विपणन विभाग, रायसेन

## शिवलिंग निर्माण एवं शिवकथा रूद्राक्ष वितरण कार्यक्रम आज

### श्रावण मास अभियान में नैतिक शिक्षा व्याख्यान माला



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

पिछले वर्ष की भाँति इस वर्ष भी व्यसन मुक्त श्रावण माह अभियान के अंतर्गत हिन्दू सेना द्वारा आज 21 से 25 जुलाई तक पांच दिवसीय धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन मानस सत्संग भवन प्रांगण में किया जा रहा है। सनातन संस्कृति का ज्ञान कराने, बच्चों में संस्कार हेतु छात्र-छात्राओं द्वारा प्रतिदिन पार्थिव शिवलिंग का विधि विधान से निर्माण किया जाएगा।

इसी के साथ दोपहर में शिव कथा, रूद्राभिषेक, रूद्राक्ष का वितरण, नैतिक शिक्षा के कार्यक्रमों का आयोजन रखा गया है।

जानकारी के अनुसार आज 21 जुलाई सोमवार को छात्रों द्वारा शिवलिंग निर्माण कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर नपं. अध्यक्ष हेमन्त राजा भैया चौधरी, उपा. नेपाल सिंह राजपूत, महेन्द्र सिंह ठाकुर, सुरेन्द्र सिंह परमार, सचिन वर्मा, केशव सोनी, राहुल रघुवंशी, वैभव शर्मा, अखिल खरे, इत्यादि की उपस्थिति रहेगी।

समापन अवर पर राज्यमंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल, पू. ब्रम्हचारी जी मांगरोल, के साथ प्रतिदिन पं. चन्द्रकांत शास्त्री, शिव कथा व्यास देवी रत्नमणि द्विवेदी, बाल व्यास कपिल देव महराज, बाल विदुषी मैथलीदास ब्रम्हाकुमारी जयन्ती बहन, हीरा बहन, प्रखर द्विवेदी, इत्यादि की उपस्थिति रहेगी। सभी धर्मप्रेमियों, छात्र-छात्राओं से अधिकाधिक संख्या में धार्मिक आयोजन में प्रतिदिन सम्मिलित होने की अपील की है।

## अभाविप की नवीन कार्यकारिणी घोषित

## उमेश अध्यक्ष, शुभम नामदेव को बनाया मीडिया संयोजक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी

अखिल भारतीय विद्यार्थी की नगर कार्यकारिणी में पदाधिकारियो का निर्वाचन करने बैठक आयोजित की गई। जिसमें पदाधिकारियों का निर्वाचन सर्वसहमति से किया। निर्वाचित पदाधिकारियों में अध्यक्ष उमेश कुशवाहा, उपाध्यक्ष ओम सोनी, मंत्री आकाश साहू, सह मंत्री दीपेश पुरी, अतुल यादव, संयोजक अरुण साहू, सहसंयोजक सचिन कुशवाह, मीडिया संयोजक शुभम नामदेव, सह मीडिया संयोजक ऋषि नेमा, संयोजक दीपांश गोस्वामी, सह संयोजक अभिषेक राय, कला मंच प्रमुख हर्षित सैनी, वरुण चौरसिया, खेलों भारत संयोजक आशीष दीक्षित, विद्यालय प्रमुख वीर चंदेल, सह प्रमुख आकाश पटेल चुने गए। निर्वाचित पदाधिकारियों को मित्रो, परिजनों ने शुभकामनाएं दी।



# फोरलेन-45 सहित क्षेत्र के प्रमुख मार्गों पर आवारा मवेशियों का डेरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

बारिश के मौसम के साथ जब भी खेतों में फसलें होती है। फोरलेन-45 क्षेत्र की प्रमुख सडक़ो, बाजारो में आवारा मवेशियों की तेजी से संख्या बढने लगती है। पिछले वर्ष और चालू वर्ष में कलेक्टर, एसडीएम और जनपद सीईओ ने फोरलेन-45 सहित मुख्य सडक़ों पर मवेशी न रहे, इसकी जिम्मेदारी ग्रापं, स्थानीय निकायों, पशु चिकित्सा, राजस्व एवं टोल प्लाजा के कर्मचारियों को सौंपी।

आदेश का निचले स्तर पर क्रियान्वयन न होने से प्रतिदिन फोरलेन 45 पर स्थान-स्थान पर मवेशियां वाहनों की चपेट में आकर घायल या मर रही है। फोरलेन-45 एवं मुख्य सडक़ों वाली ग्रापं. में गौशालाएं नहीं बनी यदि बनी भी तो उनकी क्षमता कम है।

### खास बातें

- वाहनों की चपेट में आकर घायल और मर रहे मवेशी
- कलेक्टर, एसडीएम, जनपद का आदेश बेअसर



### सरकारी भूमियों पर अवैध कब्जा

*प्रत्येक ग्राम पटवारी हल्के में राजस्व रिकार्ड में तो गौ गुठान, गो ठहराव और चारागाह की भूमियां दर्ज है, परंतु जमीनी हकीकत और मौके की स्थिति ठीक अलग है। नदी नालों के साथ गौवंश को आरक्षित भूमियों पर अवैध कब्जा कर खेती किए जाने से ग्रामों में मवेशियों को ठहरने चारे की व्यवस्था न होने से पशु पालकों द्वारा महंगा भूसा, चारा खिलाने के खर्चो से बचने के लिए आवारा छोड़ दिया जाता है।*

### गौशालाओं की कमी से आवारा फिर रहे मवेशी

*वर्ष भर फोरलेन-45 की सडक़ों एवं नगर के बाजारों में मवेशियों की धमाचौकड़ी बनी रहती है। जब खेतों में फसलें होती है तो संख्या बढ़ने लगती है। आवारा मवेशियों के कारण किसान फसलों के नुकसान से भारी परेशान है। दशकों से आवारा मवेशियों की क्षेत्र के ग्रामों, नगरो में बडी समस्या बनी हुई है। प्रदेश की सरकार ने ग्रापं. में गौशालाए खोलने की योजना तो बनाई परंतु 106 ग्रापं. वाली बाड़ी जनपद एवं 70 ग्रापं. वाली उदयपुरा जनपद में अभी तक बहुत कम संख्या में गौशालाए शुरू हो पाई है। यदि प्राथमिकता से फोरलेन-45 एवं क्षेत्र की मुख्य सडक़ो के किनारे वाली ग्रापं. में गौशालाए बनाई जाए तो कुछ हद तक आवारा मवेशियों की समस्या हल हो सकती है।*

### वाहनों की चपेट में आ रहे मवेशी

*फोरलेन-45 पर बाड़ी से बरेली, खरगोन, भौडिया, उदयपुरा, देवरी में दर्जनों ऐसे स्थान है। जहॉं चौबीसों घंटो मवेशियों का डेरा बना रहता है। खरगोन, भौडिया, समनापुर, पारतलाई, बरेली, उदयपुरा, देवरी के पास तेज रफ्तार वाहनों की चपेट में आने से प्रतिदिन मवेशी घायल मर रही है। और मवेशियों का सडको पर बना डेरा घटना, दुर्घटना के लिए 24 घंटो आमंत्रण देता है। रात के अंधेरे में वाहनों के टकराने या संतुलन बिगडने की घटनाए अधिक हो रही है।*

# मां नर्मदा नदी का जल भरकर लाए कांवड़िए, आज करेंगे शिवाभिषेक



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी

सावन माह में श्रद्धालुओं में भगवान शिव के प्रति आस्था व निष्ठा का सैलाब देखा जा रहा है। श्रद्धालु कांवड़ में जल भरकर कई किलो मीटर पैदल चलकर सावन के दूसरे सोमवार को जलाभिषेक करेगें।

बताया जा रहा है कि ग्राम डाबरी के युवा नर्मदा नदी बौरास से रविवार सुबह मॉ नर्मदा की पूजा अर्चना के बाद कांवड़ में नर्मदा नदी का जल भर कर जयकारा लगाते हुए ग्राम के लिए रवाना हुए। कांवड़ यात्री देर रात ग्राम डाबरी पहुंचेगे। जो कि सोमवार सुबह शिवालय में पूजा अर्चना कर भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक करेगें।

कांवड़ियों के ग्राम मुआर पहुचनें पर भाजपा नेता मयंक पटेल ने साथियों के साथ फूल मालाओं से स्वागत किया। यात्रा में विक्रम शाह, संजय खरे, सर्वेश खरे, राजकुमार धोसी, भूपेंद्र आदि शामिल रहें।

### कांवड़ में पवित्र नदियों का जल लेकर निकल रहे कांवड़िए

**दीवानगंज।** सावन के महीने में भोपाल विदिशा हाईवे से कई कांवड़िए कई किलोमीटर पैदल चलकर अलग-अलग नदियों से जल लाते हैं और उसे भगवान शिव का जलाभिषेक करते हैं। यह कांवड़ यात्रा सावन के महीने में ही होती है, जब भक्त भगवान शिव को प्रसन्न करने के लिए पवित्र जल से उनका अभिषेक करते हैं। कांवड़ यात्रा एक धार्मिक यात्रा है जो सावन के महीने में होती है। भक्त अलग-अलग नदियों से जल भरकर लाते हैं और उसे अपने क्षेत्र के शिव मंदिर में चढ़ाते हैं। यह जल आमतौर पर हरिद्वार, गंगोत्री , नर्मदा, पार्वती, बेतवा चनातीरथ विदिशा, तापती जैसी नदियों का जल अपने कावड़ में भरकर अपने क्षेत्र के मंदिरों में शिव जी का जल अभिषेक करते हैं।

## भगवान महादेव करते हैं अपने भक्तों की मनोकामनाएं पूर्ण

# किले की तलहटी में विराजित गुफा वाले महादेव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

रायसेन के प्राचीन ऐतिहासिक किले के ऊपर तलहटी में गुफा में भगवान भोलेनाथ की मनोरम शिवलिंग विराजित हैं। रायसेन शहर के कई शिवभक्तों का गुफा वाले भोलेनाथ से जुड़ाव है। महाशिवरात्रि और सावन माह के चारों सोमवार को परिवार सहित पहुंचकर जल व दूध से अभिषेक और बेलपत्र, धतूरा, अकौवा के फूल, ऋतु फल, शहद दूध-दही अर्पित कर भगवान भोलेनाथ की आराधना करते हैं।


बताया जाता है कि भगवान महादेव भक्तों की सभी मनोकामनाएं पूरी करते हैं। इसलिए इस गुफा वाले महादेव की ख्याति आसपास के क्षेत्र में काफी प्रसिद्ध है।

### गुफा से दिखता है मनोरम दृश्य

इस प्राकृतिक गुफा से मनोरम दृश्य दिखाई देता है। चारों तरफ फैली हरियाली और तालाब में खिले कमल के फूल अद्भुत छटा बिखेरते नजर आते हैं। बताया जाता है कि इस शिव मंदिर का इतिहास 13 वीं शताब्दी से जुड़ा है।

भूतभावन भगवान सदाशिव शिवलिंग की रोजाना भूत प्रेत भी पूजा अर्चना करने आते हैं। सावन माह के चारों सावन सोमवार को श्रद्धालुओं की भीड़ शिव अभिषेक पूजन करने उमड़ती है। इतिहासकारों के अनुसार इस गुफा वाले शिवलिंग का इतिहास किले के गौंड राजा पूरनमल और रानी पद्मावती से भी जुड़ा है।

बताते हैं कि किले के राजा और रानी प्रेतात्मा के रूप में आज भी प्रतिदिन भगवान महादेव के दर्शन एवं पूजन करने आते हैं।






बरसों पुराना गुफा में शिवलिंग विराजमान हैं। किला घूमने आने वाले पर्यटक भी भगवान शिव के पूजन दर्शन के लिए पहुंचते हैं। किले के दक्षिणी प्रवेश द्वार दाहिनी ओर किले की विशालकाय चट्टान की तलहटी में प्राकृतिक मंदिर है।

### 30 साल पूर्व फैली प्रसिद्धि

गुफा वाले महादेव मंदिर की लगभग तीन दशक पहले शिवभक्तों द्वारा ख्याति बढ़ाई गई। जो भी किले पर घूमने जाने वाले पर्यटक हों या शिवभक्त गुफा वाले महादेव की पूजन दर्शन करना नहीं भूलते।